**Seventeenth Loksabha**

an>

## Title : Speaker, on behalf of the House, congratulated to the Union Government and all countrymen on India's assuming G-20 Presidency

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, भारत ने दिनांक 1 दिसम्बर, 2022 से G-20 देशों के समूह के अध्यक्ष पद का भार ग्रहण किया है। आजादी के अमृत महोत्सव काल में यह महत्वपूर्ण वैश्विक दायित्व मिलना हमारे देश के लिए गर्व का विषय है। इस महान उपलब्धि के लिए मैं सदन की ओर से भारत सरकार एवं समस्त देशवासियों को बधाई देता हूं।

मुझे विश्वास है कि वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले G-20 राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के साथ-साथ G-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों के P-20 सम्मेलन निश्चित रूप से आजादी के बाद के हमारे राजनयिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय होगा।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह उचित ही है कि हमने इस सम्मेलन का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम' की हमारी पारम्परिक आस्था के अनुरूप 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' रखा है।

G-20 शिखर सम्मेलन से सम्बद्ध लगभग 200 कार्यक्रम पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से हम अपनी समृद्ध बहुरंगी सांस्कृतिक विरासत और जीवंत लोकतंत्र की शक्ति को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

मुझे विश्वास है कि G-20 और P-20 शिखर सम्मेलन आपके पूर्ण सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित होगा और भारत सम्पूर्ण विश्व में नेतृत्व की भूमिका निभाएगा।

मैं सदन से आग्रह करूंगा कि इस अवसर पर समस्त देशवासियों के साथ हमारे देश के सभी जनप्रतिनिधि चाहे वे लोक सभा, विधान सभा, पंचायतों के हों, सभी संस्थाएं इसे उत्सव के रूप में मनाएं और हमारा जो प्राचीनतम लोकतंत्र है, उसे देश और विश्व के सामने दिखाने का एक अच्छा अवसर है।